गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में सात–दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

पंतनगर। 10 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात–दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डा. मालविका दास त्रकरू तथा विशिष्ट अतिथि समन्यवक, राष्ट्रीय सेवा योजना डा. अभिषेक तोमर रहे। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि यह विशेष शिविर द्वितीय वर्ष के 24 छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य विषय 'स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण' निर्धारित किया गया है जिसमें सभी स्वयंसेवक बेनी बस्ती के व्यक्तियों के बीच कार्य करेंगे तथा परस्पर वार्तालाप, नुक्कड़–नाटक, रैली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलायेगें। इस अवसर पर डा. दास ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के प्रतिपूर्ति हेतु व्यवसायिक शिक्षा के साथ–साथ समाज सेवा करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि आपका पहला कर्तव्य बौद्धिक विकास है परन्तु आपके अन्दर स्नेह, सहानुभूति, सहिष्णुता, समर्पण, सेवा जैसे भाव भी होने चाहिए तभी आपका समग्र विकास होगा। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किये तथा छात्रों से कहा कि विशेष शिविर के दौरान अपने विषय का ध्यान रखते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाएगें, इससे ग्रामीण समाज को समझने का मौका मिलेगा और उनकी कठिनाइयों से अवगत हो सकेगें, जिससे अपने में सामाजिक और नागरिक दायित्व की भावना का विकास कर सकें। उन्होंने छात्रों के चरित्र निर्माण उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी रितिका सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा. विपुल गुप्ता, डा. राजेश, डा. आकांक्षा खाती, श्री हरीश थापा, कु. गरिमा तिवारी, कु. कनक जोशी, श्री करन सिंह इत्यादि थे।

विशेष शिविर की जानकारी देते अधिकारीगण।

निदेशक संचार